फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी चाकसू जिला जयपुर (ग्रामीण)।

केस संख्या :– 120/2024

ग्राम पंचायत भोज्याडा **बनाम** सरकार

कम संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	08.04.2024	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता नाथूलाल शर्मा हाजिर। अप्रार्थी सरकार जरिये तहसीलदार तहसील चाकसू जवाब प्राप्त हो चुका है। दावा पर बहस सुनी गई। वास्ते आदेश दिनांक 24.04.224 को पेश हो। उपखण्ड अधिकारी चाकसू(जयपुर)	
	24.04.2024	पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। वकील वादी उपस्थति। अप्रार्थी सरकार का जवाब प्राप्त हुआ जो संलग्न है। बहस वकील वादी की सुनी गई। वादी ने यह वाद बाबत् रिकार्ड दुरस्ती पेश किया है। वादी विवादित भूमि खसरा नंबर 909 रकबा 2.74 है0, खसरा नंबर 911 रकबा 0.16 है0, खसरा नंबर 912 रकबा 0.10 है0 जिसका साबिक खसरा नंबर 61 रकबा 11 बीघा 17 बिस्वा होना बताया है। प्रार्थी / वादीगणों के इस आशय का शपथ पत्र पेश किया है कि प्रतिवादी सरकार ने जवाब ने जाहिर किया है कि ग्राम पंचायत भोज्याडा के ग्राम कृपारामपुरा मे जहॉ आबादी भूमि दर्ज नही है। एकीकरण संवत जमाबन्दी 2021 के खसरा नंबर 61 रकबा 11 बीघा 17 बीस्वा से 11 बीघा 13 बिस्वा आबादी भूमि दर्ज रिकार्ड है। एकीकरण संवत 2021 के बाद नवीन राजस्व रिकार्ड मिशल बन्दोबस्त संवत 2051–70 में त्रुटिवश गै0मु0 आबादी की जगह गै0मु0 दर्ज हो गया है। एकीकरण संवत 2021 के खसरा नंबर 61 रकबा 11 बीघा 17 बीस्वा के नवीन खसरा नंबर (मिशल बन्दोबस्त 2051–70), खसरा नंबर 909 रकबा 2.74 है0, खसरा नंबर 911 रकबा 0.16 है0, एव खसरा नंबर 912 रकबा 0.10 है0 किस्म गै0मु0 है। वर्तमान जमाबन्दी संवत 2074–77 में खाता संख्या 1 में खसरा नंबर 909 रकबा 2.74 है0, खसरा नंबर 911 रकबा 0.16 है0, एव खसरा नंबर 912 रकबा 0.10 है0 किस्म सिवायचक दर्ज रिकार्ड है। अतः जवाब सरकार एवं पत्रावली मे प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण किया गया तो हम पाते है कि ग्राम कृपारामपुरा तहसील चाकसू विवादित खसरा नंबर 909 रकबा 2.74 है0, खसरा नंबर 911 रकबा 0.16 है0, एव खसरा नंबर 912 रकबा 0.10 है0 जिसका साबिक खसरा नंबर 61 रकबा 11 बीघा 17 बिस्वा है किस्म गै0मु0 आबादी शुद्ध किये जाने के आदेश दिये जाते है। डिकी पर्चा जारी हो। निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी चाकसू(जयपुर)	

Scanned with OKEN Scanner